**CLASS : 12th (Sr. Secondary)** **Code No. 4328**

**Series : SS-M/2019**

*Roll No.* | | | | | | | | | | |

***SET : D***

# भौतिक विज्ञान

## PHYSICS

[ Hindi and English Medium ]

***ACADEMIC/OPEN***

(Only for Fresh/Re-appear Candidates)

*Time allowed : **3** hours ]* *[ Maximum Marks : **70***

- *कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **15** तथा प्रश्न **21** हैं।*

  *Please make sure that the printed pages in this question paper are **15** in number and it contains **21** questions.*

- *प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिये गये **कोड नम्बर** तथा **सेट** को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख्य-पृष्ठ पर लिखें।*

  *The **Code No.** and **Set** on the right side of the question paper should be written by the candidate on the front page of the answer-book.*

- *कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।*

  *Before beginning to answer a question, its Serial Number must be written.*

- *उत्तर-पुस्तिका के बीच में खाली पन्ना/पन्ने न छोड़ें।*

  *Don't leave blank page/pages in your answer-book.*

- *उत्तर-पुस्तिका के अतिरिक्त कोई अन्य शीट नहीं मिलेगी। अतः आवश्यकतानुसार ही लिखें और लिखा उत्तर न काटें।*

  *Except answer-book, no extra sheet will be given. Write to the point and do not strike the written answer.*

- *परीक्षार्थी अपना रोल नं० प्रश्न-पत्र पर अवश्य लिखें।*

  *Candidates must write their Roll Number on the question paper.*

- *कृपया प्रश्नों का उत्तर देने से पूर्व यह सुनिश्चित कर लें कि प्रश्न-पत्र पूर्ण व सही है,* ***परीक्षा के उपरान्त इस सम्बन्ध में कोई भी दावा स्वीकार नहीं किया जायेगा।***

  *Before answering the questions, ensure that you have been supplied the correct and complete question paper,* ***no claim in this regard, will be entertained after examination.***

---

***सामान्य निर्देश :***

(i) *प्रश्न-पत्र में कुल* **21** *प्रश्न हैं।*

(ii) ***सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।***

(iii) *प्रश्न संख्या* **1** *में* 1-1 *अंकों के* ***चौदह*** *(i-xiv) वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं।*

*(iv) प्रश्न संख्या* **2** *से* **11** *तक अतिलघु उत्तरीय प्रश्न हैं तथा प्रत्येक प्रश्न* 2 *अंकों का है।*

*(v) प्रश्न संख्या* **12** *से* **18** *तक लघु उत्तरीय प्रश्न हैं तथा प्रत्येक प्रश्न* 3 *अंकों का है।*

*(vi) प्रश्न संख्या* **19** *से* **21** *तक दीर्घ उत्तरीय प्रश्न हैं तथा प्रत्येक प्रश्न* 5 *अंकों का है।*

*(vii) प्रश्न-पत्र में समग्र रूप से कोई विकल्प नहीं है। तथापि* 5 *अंकों वाले तीनों प्रश्नों में आन्तरिक चयन प्रदान किया गया है। ऐसे प्रश्नों में से आपको दिए गए चयन में से* ***केवल एक*** *ही प्रश्न करना है।*

*(viii) कैल्क्युलेटर के उपयोग की अनुमति नहीं है। आवश्यक होने पर, लघुगणकीय सारणियों का प्रयोग किया जा सकता है।*

*(ix) जहाँ आवश्यक हो आप निम्नलिखित भौतिक नियतांकों के मानों का उपयोग कर सकते हैं :*

$c = 3\times10^{8}\,\text{m/s}$ $\qquad$ $\mu_0 = 4\pi\times10^{-7}\,\text{Tm A}^{-1}$

$h = 6.63\times10^{-34}\,\text{JS}$ $\qquad$ $\frac{1}{4\pi\epsilon_0} = 9\times10^{9}\,\text{Nm}^2C^{-2}$

$e = 1.6\times10^{-19}\,\text{C}$ $\qquad$ $m_e = 9.1\times10^{-31}\,\text{kg}$

***General Instructions :***

*(i) There are* **21** *questions in all.*

*(ii)* ***All questions are compulsory.***

*(iii)* *Question number* **1** *consists of* ***fourteen*** *(i-xiv) objective type questions each of* 1 *mark.*

*(iv)* *Question Numbers* **2** *to* **11** *are very short answer type questions and carry* 2 *marks each.*

*(v)* *Question Numbers* **12** *to* **18** *are short answer type questions and carry* 3 *marks each.*

*(vi)* *Question Numbers* **19** *to* **21** *are long answer type questions and carry* 5 *marks each.*

*(vii)* *There is no overall choice. However, an internal choice has been provided in all three questions of* 5 *marks each. You have to attempt only* ***one*** *of the given choice in such questions.*

*(viii)* *Use of Calculators is not permitted, if required you may use logarithmic tables.*

*(ix)* *You may use the following values of physical constants whenever necessary :*

$c = 3 \times 10^{8}\,\text{m/s}$  $\mu_0 = 4\pi \times 10^{-7}\,\text{Tm A}^{-1}$

$h = 6.63 \times 10^{-34}\,\text{JS}$  $\frac{1}{4\pi \epsilon_0} = 9 \times 10^{9}\,\text{Nm}^2 C^{-2}$

$e = 1.6 \times 10^{-19}\,\text{C}$  $m_e = 9.1 \times 10^{-31}\,\text{kg}$

**[ वस्तुनिष्ठ प्रश्न ]**

**[ Objective Type Questions ]**

**1.** (i) एक कुलम्ब आवेश में लगभग ............. इलेक्ट्रॉन होते हैं। 1

There are about ............. electrons in a charge of –1 coulomb.

(ii) दो प्रोटॉनों के मध्य लगने वाले विद्युत् बल की प्रकृति होती है : 1

(A) आकर्षित

(B) उदासीन

(C) प्रतिकर्षित

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

Nature of electric force between two protons is :

(A) Attractive

(B) Neutral

(C) Repulsive

(D) None of the above

(iii) आवेश व धारिता के रूप में एक संधारित्र में संचित ऊर्जा का व्यंजक लिखिए। 1

Write the expression for energy stored in a capacitor in terms of charge and capacitance ?

(iv) एक चालक के अनुप्रस्थ काट क्षेत्रफल में वृद्धि के साथ उसकी प्रतिरोधकता : 1

(A) बढ़ जाती है

(B) घट जाती है

(C) बढ़ या घट सकती है

(D) उतनी ही रहती है

With the increase of area of cross-section of a conductor, its resistivity :

(A) Increases

(B) Decreases

(C) May increase or decrease

(D) Does not change

(v) जब एक 5 kΩ के प्रतिरोधक के सिरों के मध्य 5 V का विभवांतर हो, तो उसमें से कितनी विद्युत् धारा प्रवाहित होगी ? 1

How much current flows through a 5 kΩ resistor when a potential difference of 5 V is applied across its ends ?

(vi) –1 चुंबकीय प्रवृत्ति वाले किसी पदार्थ की आपेक्षिक चुबंकशीलता कितनी होगी ? 1

What is the relative magnetic permeability of a substance whose magnetic susceptibility is –1 ?

(vii) चिकित्सा में कैंसर कोशिकाओं को नष्ट करने के लिए कौन-सा विद्युत्-चुंबकीय विकिरण प्रयोग किया जाता है ? 1

Which electromagnetic radiation is used in medicine to destroy cancer cells ?

(viii) किसके मॉडल को परमाणु का नाभिकीय मॉडल कहा जाता है ? 1

(A) थॉमसन

(B) रदरफोर्ड

(C) दे ब्रॉग्ली

(D) बोर

Whose model of atom is also called nuclear model of atom ?

(A) Thomson

(B) Rutherford

(C) de Broglie

(D) Bohr

(ix) जब एक संधारित्र को एक ac स्रोत से जोड़ा गया है, तो वोल्टता और धारा में फेस अन्तर होगा : 1

(A) 90° (B) 45°

(C) 180° (D) 0°

Phase difference between voltage and current when an ac source is connected to a capacitor :

(A) 90° (B) 45°

(C) 180° (D) 0°

(x) रेडियोऐक्टिवता का कौन-सा मात्रक 1 क्षय प्रति सेकेण्ड के बराबर होता है ? 1

1 Decay per second are equivalent to what unit of radioactivity ?

(xi) प्रकाश की किस परिघटना के कारण आकाश नीला दिखाई देता है ? 1

(A) परिक्षेपण (B) विवर्तन

(C) प्रकीर्णन (D) अपवर्तन

Sky seems blue due to which phenomenon of light :

(A) Dispersion (B) Diffraction

(C) Scattering (D) Refraction

(xii)एक सीधे पंक्ति स्त्रोत के इर्दगिर्द किस प्रकार का तरंगाग्र होता है ? 1

What is shape of a wavefront around a straight line source ?

(xiii)ऐसी अर्धचालक युक्ति का नाम बताइए जिसे वोल्टता नियंत्रक के रूप में उपयोग किया जा सकता है ? 1

Name a semiconductor device which can be used as a voltage regulator ?

(xiv)एक इलेक्ट्रॉनिक संचार व्यवस्था में अभिग्राही का क्या कार्य होता है ? 1

What a receiver does in an electronic communication system ?

**[ अतिलघु उत्तरीय प्रश्न ]**

**[ Very Short Answer Type Questions ]**

**2.** 4 pF, 8 pF तथा 12 pF धारिता वाले तीन संधारित्र पार्श्वक्रम में जोड़े गए हैं। यदि संयोजन को 150 V के संभरण से जोड़ दें, तो प्रत्येक संधारित्र पर आवेश ज्ञात कीजिए। 2

Three capacitors of capacitances 4 pF, 8 pF and 12 pF are connected in parallel. Determine the charge on each capacitor if the combination is connected to a 150 V supply ?

**3.** ओम के नियम की कोई ***दो*** सीमाएँ लिखिए। 2

Write any ***two*** limitations of Ohm's Law ?

**4.** भँवर धाराओं से क्या अभिप्राय है ? 2

What do you understand by Eddy Currents ?

**5.** संधारित्र प्रतिघात क्या है ? अनुनाद की अवस्था में यह प्रेरकीय प्रतिघात से किस तरह संबंधित है ? 2

What is capacitive reactance ? How it is related to inductive reactance at resonance ?

**6.** एक रेडियो 3 MHz से 6 MHz बैंड के किसी स्टेशन से समस्वरित हो सकता है। संगत तरंगदैर्घ्य बैंड क्या होगा ? 2

A radio can tune into 3 MHz to 6 MHz frequency band. What is the corresponding wavelength band ?

**7.** एक 0.050 kg द्रव्यमान का बुलेट जो 2.0 km/sec की चाल से चल रहा है, का दे ब्रॉग्ली तरंगदैर्घ्य कितना होगा ? 2

What is de Broglie wavelength of a bullet of mass 0.050 kg travelling at a speed of 2.0 km/sec ?


**8.** धनात्मक बीटा क्षय की आधारभूत नाभिकीय प्रक्रिया क्या होती है ? $^{22}_{11}Na$ के इस क्षय के लिए नाभिकीय क्रिया समीकरण लिखिए। 2

What is basic nuclear process underlying $\beta^+$ decay ? Write nuclear reaction equation of this decay for $^{22}_{11}Na$.


**9.** अर्धतरंग दिष्टकारी का परिपथ बनाइए तथा इसके निवेश व निर्गत वोल्टता का तरंगरूप भी बनाइए। 2

Draw the circuit diagram of a half wave rectifier circuit and input and output waveforms of this rectifier.

**10.** दिये गये परिपथ की सत्यता सारिणी लिखिए। 2




Write the truth table for given circuit.




**11.** मॉड्यूलन से क्या अभिप्राय है ? इसके क्या प्रकार हैं ? 2

What do you mean by modulation and what are its types ?

**[ लघु उत्तरीय प्रश्न ]**

**[ Short Answer Type Questions ]**

**12.** नाभिकीय संलयन क्या होता है ? इस अभिक्रिया का एक उदाहरण व एक उपयोग लिखिए। 3

What is nuclear fusion ? Write its one example and one use of this reaction.

**13.** एक दिए हुए प्रकाश संवेदी पदार्थ के लिए आपतित विकिरण की आवृत्ति के निरोधी विभव के परिवर्तन की व्याख्या कीजिए। 3

Describe the variation of stopping potential with frequency of incident radiation for a given photosensitive material.

**14.** प्रकाश का विवर्तन क्या है ? एकल झिरी विवर्तन का नामांकित व्यवस्था आरेख बनाइए। 3

What is diffraction of light ? Draw diagram for single slit diffraction arrangement.

**15.** एक श्रेणीबद्ध L-C-R परिपथ, जिसमें $R = 42\ \Omega$, $L = 4$ H और $C = 100\ \mu F$ है, को एक परिवर्ती आवृत्ति 210 V ac आपूर्ति से जोड़ा गया है। अनुनाद की अवस्था में कोणीय आवृत्ति, प्रतिबाधा तथा धारा की गणना कीजिए। 3

A series L-C-R circuit with $R = 42\ \Omega$, $L = 4$ H and $C = 100\ \mu F$ is connected to a variable frequency 210 V ac supply. Calculate angular frequency, impedance and current at resonance condition.

**16.** परिनालिका क्या होती है ? एक लम्बी परिनालिका के कारण कितना चुंबकीय क्षेत्र होता है ? इस क्षेत्र की दिशा कैसे ज्ञात की जाती है ? 3

What is a Solenoid ? How much magnetic field is due to a long solenoid ? How its direction is determined ?

**17.** एक विभवमापी के सिद्धान्त का वर्णन कीजिए। एक सेल के आंतरिक प्रतिरोध के संसूचन का नामांकित परिपथ आरेख बनाइए। 3

Explain the principle of a potentiometer. Draw a labelled circuit diagram to determine internal resistance of cell.

**18.** एक अनन्त लम्बाई वाले एकसमान आवेशित तार के समीप विद्युत् क्षेत्र ज्ञात कीजिए। 3

Determine electric field intensity near an infinitely long straight uniformly charged wire.

**[ दीर्घ उत्तरीय प्रश्न ]**

**[ Long Answer Type Questions ]**

**19.** लोह-चुंबकत्व के डोमेन सिद्धान्त का वर्णन कीजिए। लोह-चुंबकत्व तापमान पर कैसे निर्भर करता है ? 5

Explain Domain theory of ferromagnetism. How ferromagnetism depends upon temperature ?

**अथवा**

**OR**

एक चल कुण्डली गैल्वेनोमीटर के सिद्धान्त का वर्णन कीजिए। इसे एक वोल्टमीटर में कैसे परिवर्तित किया जा सकता है ? 5

Explain the principle of a moving coil galvanometer ? How it can be converted to a voltmeter ?

**20.** प्रकाश का ध्रुवण क्या होता है ? प्रकाश के परावर्तन द्वारा ध्रुवण तथा प्रकाश के प्रकीर्णन द्वारा ध्रुवण की संक्षिप्त व्याख्या कीजिए। 5

What is polarization of light ? Briefly discuss polarization by reflection and polarization by scattering of light.

**अथवा**

**OR**

किसी संयुक्त सूक्ष्मदर्शी में प्रतिबिंब बनने का नामांकित किरण आरेख बनाइए। इसकी आवर्धन क्षमता को परिभाषित कीजिए। इसके लिए व्यंजक लिखिए। 5

Draw a labelled ray diagram showing the formation of image in a compound microscope. Define its magnifying power and write expression for it.

**21.** एक p-n-p ट्रांजिस्टर के उभयनिष्ठ उत्सर्जक (CE) विन्यास में अभिलाक्षणिक के अध्ययन के लिए परिपथ आरेख बनाइए। इस विन्यास में इसके निवेश तथा निर्गत अभिलाक्षणिक के स्केच खींचिए। निवेश व निर्गत प्रतिरोधों को परिभाषित कीजिए। 5

Draw a circuit diagram to study characteristics of a p-n-p transistor in CE (Common Emitter) configuration. Draw the sketch of input and output characteristics of this configuration. Define input and output resistances.

**अथवा**

**OR**

उभयनिष्ठ उत्सर्जक (CE) ट्रांजिस्टर प्रवर्धक की कार्यविधि को परिपथ आरेख बनाकर समझाइए। 5

Explain the working of a CE (Common Emitter) transistor amplifier using circuit diagram.